भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / Government of India

**क्रमांक:** AU-4/2/2(2)/2024-QoS-Part-(1)/(E-15102)/ **दिनांक:** 7 अप्रैल 2025

## डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनिमय, 2024' के अंतर्गत डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसी (डीसीआरए) के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित करने संबंधी सूचना

1. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (जिसे इसके बाद 'भादूविप्रा' या 'प्राधिकरण' के रूप में संदर्भित किया गया है) डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसी (डीसीआरए) के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जो डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग करेगी। डीसीआरए के रूप में पंजीकरण के लिए पात्रता शर्तें 'डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनिमय, 2024 (2024 का 07) दिनांक 25 अक्टूबर 2024' के विनियमन 5 के अनुसार हैं और भादूविप्रा की वेबसाइट (https://trai.gov.in/sites/default/files/2024-11/Ragulation_25102024.pdf) पर उपलब्ध हैं।

2. **पात्रता मानदंड:** विनियमों में निहित प्रावधानों के अनुसार, आवेदक जो निम्नलिखित पात्रता शर्तों को पूरा करता है, डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग के लिए डीसीआरए के रूप में पंजीकरण के लिए विचार किया जाएगा, यदि वह:

   (क) कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के तहत एक कंपनी के रूप में पंजीकृत है या एक पंजीकृत एलएलपी फर्म है;

   (ख) उसके पास इन-बिल्डिंग समाधान स्थापित करने या दूरसंचार नेटवर्क की सेवा की गुणवत्ता का आकलन करने या दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना या रखरखाव में कम से कम दो वर्ष का अनुभव है;

   (ग) उसके रोजगार में ऐसे व्यक्ति हैं जिनके पास विनियमों और रेटिंग ढांचे के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने के लिए प्राधिकरण की संतुष्टि के अनुसार दूरसंचार, सिविल और विद्युत क्षेत्र में पर्याप्त पेशेवर अनुभव है;

   (घ) उसके संगठन में वैध आईएसओ प्रमाणित गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली है या पंजीकरण प्राप्त होने के एक वर्ष के भीतर इसे प्राप्त करने के लिए वचनबद्धता प्रस्तुत करता है।

3. **आवेदन प्रस्तुतीकरण**: निर्धारित प्रारूप में आवेदन (फॉर्म -1 के रूप में संलग्न) को '**डीसीआरए के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन**' का उल्लेख करते हुए एक लिफाफे में दिनांक **07.04.2025** से वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (क्यूओएस -1), भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई), 5 वीं मंजिल, एफ-ब्लॉक, एनबीसीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली -110029 को भेजा जा सकता है।

   **नोट:** प्राधिकरण, ऑनलाइन मोड के माध्यम से डीसीआरए के पंजीकरण के लिए आवेदन जमा करने के लिए डिजिटल रेटिंग प्लेटफॉर्म को लाइव किए जाने की तिथि की सूचना देगा।

4. **आवेदन शुल्क:** डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसी (डीसीआरए) के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को ₹ 10,000/- (केवल दस हजार रुपये) का गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क जमा करना होगा। हालांकि, 30.06.2025 को या उससे पहले प्राप्त आवेदनों के लिए कोई आवेदन शुल्क देय नहीं होगा।

   एनएसआईसी/एमएसएमई/डीपीआईआईटी आदि के साथ पंजीकृत सूक्ष्म/लघु/स्टार्ट-अप के रूप में पात्र आवेदकों के लिए आवेदन शुल्क में छूट पर विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एमएसएमई श्रेणी को छूट केवल उन आवेदकों पर लागू होगी जो अनुसूचित श्रेणी (61- दूरसंचार) के अंतर्गत पंजीकृत हैं जिनके लिए सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं न कि सभी एमएसएमई श्रेणियों के लिए।

5. **पंजीकरण शुल्क:** पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले सफल आवेदकों को ' भादूविप्रा' के पक्ष में आहरित और नई दिल्ली में देय डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के माध्यम से ₹ 1,00,000/- (केवल एक लाख रुपये) की गैर-ब्याज वाली वापस करने योग्य प्रतिभूति के रूप में पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। हालांकि, यदि कोई भी आवेदक समय-समय पर प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट विनियमों या अन्य नियम और शर्तों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो पंजीकरण शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

6. **पंजीकरण की वैधता:** प्राधिकरण, यह संतुष्ट होने पर कि आवेदक विनियमन 5 के तहत पात्रता मानदंड को पूरा करता है, आवेदक को रेटिंग प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण की तारीख से 5 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए पंजीकरण प्रदान करेगा।

7. **आवेदन की अस्वीकृति:** आवेदकों को आवेदन जमा करने से पहले विनियमों के प्रावधानों, जिसमें उसकी व्याख्यात्मक ज्ञापन भी शामिल है, को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी जाती है। पंजीकरण के लिए एक ऐसा आवेदन, जो सभी मामलों में पूर्ण नहीं है या विनियमन 5 के तहत निर्दिष्ट पात्रता मानदंड या प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट निर्देशों के अनुरूप नहीं है, को अस्वीकार किया जा सकता है।

8. आवेदन में जमा किए गए सभी दस्तावेज अधिमानतः अंग्रेजी में होने चाहिए। यदि अनुभव, पंजीकरण आदि जैसे प्रमाणपत्र अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किए गए हैं, तो आवेदक को संबंधित प्रमाणपत्र के अलावा उसका अंग्रेजी अनुवाद भी संलग्न करना होगा, जिसे आवेदक और अनुवादक द्वारा सत्यापित किया गया हो।

9. अन्य सभी नियम और शर्तें 'डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनियमन, 2024 (07 of 2024)' दिनांक 25 अक्टूबर 2024' के अनुसार होंगी, जिन्हें समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है और जिन्हें कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर आदेश या निर्देश द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सकता है।

10. **न्यायालय का क्षेत्राधिकार:** इस नोटिस से उत्पन्न या इसके संबंध में किसी भी विवाद पर निर्णय लेने का क्षेत्राधिकार नई दिल्ली स्थित न्यायालयों को होगा।

11. संभावित आवेदक, नोटिस पर किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता होने पर, अपना अनुरोध ई-मेल के माध्यम से **sroqos3@trai.gov.in** पर लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**संयुक्त सलाहकार (क्यूओएस-1)**
**011-26701534**

**प्रपत्र-1**

## डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसी (डीसीआरए) के लिए आवेदन

(संदर्भ: भादूविप्रा आदेश सं. AU-4/2/2(2)/2024-QoS, दिनांक 4 अप्रैल 2025)

1. **सामान्य जानकारी:**

| क्र. सं | विषय | विवरण |
|---|---|---|
| (क) | पंजीकृत संगठन का नाम | |
| (ख) | कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) / एलएलपी पहचान संख्या (एलएलपीआईएन)* (प्रति संलग्न की जाए) | |
| (ग) | निगमन की तिथि* | |
| (घ) | पंजीकरण का स्थान / मुख्य व्यवसाय का स्थान* | |
| (ङ) | व्यवसाय में वर्षों की संख्या* | |
| (च) | पैन नंबर* (प्रति संलग्न की जाए) | |
| (छ) | जीएसटीआईएन नंबर* (प्रति संलग्न की जाए) | |
| (ज) | ईपीएफ पंजीकरण प्रमाणपत्र* (प्रति संलग्न की जाए) | |
| (झ) | ईएसआई पंजीकरण प्रमाणपत्र* (प्रति संलग्न की जाए) | |
| (ञ) | कंपनी / एलएलपी वेबसाइट यूआरएल | |
| (ट) | कंपनी / एलएलपी का पूर्ण डाक पता* | |
| (ठ) | पिन कोड | |
| (ड) | संपर्क नंबर* (देश/क्षेत्र कोड के साथ) | |
| (ढ) | डीसीआरए सेवा प्रदान करने के लिए पसंदीदा राज्य/क्षेत्र* | |

नोट: *अनिवार्य फील्ड है, जो लागू नहीं है उसमें "लागू नहीं" लिखें।

**2. पात्रता:**

| क्र. सं. | मानदंड | संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज |
|---|---|---|
| (क) | संस्था, कंपनी अधिनियम, 2013 (18 of 2013) के तहत पंजीकृत कंपनी है या एक पंजीकृत एलएलपी फर्म है; | (क) मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (एओए) की प्रति;<br>(ख) चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा जारी पिछले तीन वर्षों के वित्तीय विवरण;<br>(ग) सक्षम व्यक्ति द्वारा लेटरहेड पर प्राधिकरण कि आवेदक डीसीआरए के लिए आवेदन जमा करने और उसके बाद प्रतिबद्धता के लिए अधिकृत है। |
| (ख) | इन-बिल्डिंग समाधान स्थापित करने या दूरसंचार नेटवर्क की सेवा की गुणवत्ता का आकलन या दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना या रखरखाव में न्यूनतम दो वर्षों का अनुभव होना चाहिए; | अनुभव प्रमाणपत्र / क्रय आदेश / कार्य आदेश की प्रति |
| (ग) | संस्था के पास दूरसंचार, सिविल और विद्युत कार्यक्षेत्र में ऐसे पर्याप्त व्यावसायिक अनुभव रखने वाले व्यक्ति हों, | अनुलग्नक-ए के अनुसार |

| | | |
|---|---|---|
| | जो विनियमों और रेटिंग ढांचे के तहत दायित्वों को पूरा करने के लिए प्राधिकरण के लिए संतोषजनक हो; | |
| (घ) | संस्था के पास वैध आईएसओ प्रमाणित गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली है या पंजीकरण के एक वर्ष के भीतर इसे प्राप्त करने का वचन देती है। | वैध आईएसओ प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें या वचनपत्र जमा करें |

**3. घोषणा:**

(क) हम एक ऐसी फर्म हैं जिसके पास जीएसटीआईएन, पैन, ईपीएफ और ईएसआई के लिए वैध पंजीकरण है।

(ख) हम एतद्द्वारा पुष्टि करते हैं कि हम 'डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनियम, 2024 (2024 का 7) दिनांक 25 अक्टूबर 2024' के सभी प्रावधानों', और प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देश, आदेश, निर्देश और अनुदेशों का पालन करेंगे।

(ग) हम संपत्तियों की रेटिंग विनियम, 2024 (2024 का 7) दिनांक 25 अक्टूबर 2024' के विनियमन 8 के तहत उल्लिखित आचार संहिता का भी पालन करेंगे।

(घ) ऊपर दी गई सभी जानकारी हमारे ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है।

(ङ) हम एतद्द्वारा पुष्टि करते हैं कि हमें किसी भी केंद्र/राज्य सरकार के विभागों और/या स्वायत्त निकायों द्वारा, खराब प्रदर्शन या गैर-प्रदर्शन, देरी से डिलीवरी या किसी अन्य कारण सहित किसी भी कारण से व्यक्तिगत रूप से या किसी कंसोर्टियम के सदस्य के रूप में बोली प्रक्रियाओं में भाग लेने से ब्लैकलिस्ट या प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

(च) हम आवेदन के साथ जमा किए जाने वाले सभी दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों की, जिनमें आवेदक या किसी अन्य फर्म/सहयोगी द्वारा जारी अनुभव/प्रदर्शन प्रमाणपत्र (अनुलग्नक-बी के अनुसार) शामिल हैं, की वास्तविकता और सही होने की पुष्टि करते हैं। जमा किए गए दस्तावेजों की वास्तविकता साबित करने का दायित्व हमारा होगा।

(दिनांक के साथ हस्ताक्षर)

………………………

(नाम, पदनाम, मोबाइल नं. और ई-मेल आईडी)

[संगठन के लिए और उसकी ओर से आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत अधिकृत आवेदक का नाम, पता और मुहर]

**अनुलग्नक-ए**

**<u>डीसीआरए के रूप में पंजीकरण के लिए मुख्य कर्मचारियों की योग्यता और संबंधित अनुभव</u>**

आवेदक के पास उपलब्ध मुख्य कर्मचारियों की योग्यता और संबंधित अनुभव का विवरण:

| क्र.सं. | मुख्य कर्मचारी का नाम | स्ट्रीम (दूरसंचार/सिविल/विद्युत) | पद | योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**नोट:** उपरोक्त उल्लिखित मुख्य कर्मचारियों के विस्तृत सीवी संलग्न करें।

हम___________________________ ने **डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनियम, 2024 (2024 का 7)** के तहत डीसीआरए के रूप में पंजीकरण के लिए भादूविप्रा आदेश संख्या. **AU-4/2/2(2)/2024-QoS**, **दिनांक 4 अप्रैल 2025** को पढ़ लिया है और एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि हमारे पास इन-बिल्डिंग समाधान स्थापित करने या दूरसंचार नेटवर्क की सेवा की गुणवत्ता का आकलन करने या दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना या रखरखाव के डोमेन का ज्ञान रखने वाली पर्याप्त तकनीकी कुशल जनशक्ति है।

(दिनांक के साथ हस्ताक्षर)

..........................

(नाम और पदनाम)

[संगठन के लिए और उसकी ओर से आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत अधिकृत आवेदक का नाम, पता और मुहर]

**अनुलग्नक-बी**

## <u>दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण के लिए जांच-सूची</u>

| क्र.सं. | आवेदन के साथ दस्तावेज़ | हाँ/नहीं | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | विधिवत भरा गया आवेदन पत्र | | |
| 2 | विधिवत भरा गया अनुलग्नक-ए (मुख्य कर्मचारियों की योग्यता और संबंधित अनुभव) | | |
| 3 | निगमन/पंजीकरण प्रमाणपत्र | | |
| 4 | पैन की प्रति | | |
| 5 | जीएसटी पंजीकरण की प्रति | | |
| 6 | ईपीएफ पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति | | |
| 7 | ईएसआई पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति | | |
| 8 | आईएसओ प्रमाणपत्र पंजीकरण की प्रति या एक वर्ष के भीतर प्रस्तुत करने का वचन | | |
| 9 | वांछित सेवा के अनुभव से संबंधित दस्तावेज़ (क्रय आदेश/कार्य आदेश, कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र/अनुभव प्रमाणपत्र आदि) | | |
| 10 | मूल प्राधिकरण पत्र (हस्ताक्षर करने और/या आवेदन जमा करने के लिए व्यक्ति को नामित करने हेतु अधिकार पत्र) | | |
| 11 | चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा जारी पिछले तीन वर्षों के वित्तीय विवरण | | |
| 12 | मुख्य कर्मचारियों के सीवी | | |
| 13 | ₹ 10,000/- का आवेदन शुल्क (गैर-वापसी योग्य) डीडी/बैंकर्स चेक के रूप में | | |

**नोट:** विधिवत भरा गया आवेदन पत्र आवश्यक समर्थक दस्तावेजों और निर्धारित शुल्क के साथ गति डाक द्वारा निम्न पते पर भेजा जाएगा: वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (क्यूओएस-1), भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा), 5वीं मंजिल, एफ-ब्लॉक, एनबीसीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029।

(दिनांक के साथ हस्ताक्षर)

………………………

(नाम और पदनाम)

[संगठन के लिए और उसकी ओर से आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत अधिकृत आवेदक का नाम, पता और मुहर]